श्रीमुख शांडिल्य गोत्र, सिरजम वंश का इतिहास

(1785 से अब तक)

डॉ. राजकिशोर तिवारी

आदि स्रोत 'डमरुआ', जौनपुर (उ. प्र.)

श्रीमुख शांडिल्य गोत्र, सिरजम वंश का इतिहास

(1785 से अब तक)



संकलन एवं संपादनकर्ता

डॉ. राजकिशोर तिवारी

पूर्व प्राचार्य,

अम्बाह पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज, अम्बाह (म. प्र.)

Mobile No. 9826627365

धन्यवाद ज्ञापन

कृतज्ञता अत्यंत सुखद एवं पुनीत कर्त्तव्य है। हम बन्धु द्वै श्री अजय कान्त शर्मा पुत्र डॉ. एस. एन. शर्मा, इन्द्रपुरी कालॉनी, आगरा, के हृदय से अनुग्रहीत हैं। उन्होंने प्रस्तुत अन्वेषण-संग्रह को प्रकाशित होने में प्रशंसनीय योगदान दिया है। हम उनकी अभिरुचि, धैर्य तथा मार्ग-दर्शन की सराहना करते हैं।

- मूल्य : Rs. 95/-
- प्रकाशक : डॉ. राजकिशोर तिवारी
  लैवेंडर G-09 मंगल आनन्दा
  साँगानेर जयपुर-302 029 (राज.)
  Mobile No. 9826627365
- शब्द संयोजन : माधव प्रकाशन, A-22, इन्द्रपुरी कॉलोनी, न्यू आगरा, आगरा।
- मुद्रक : सुरवन्दिता प्रिंटर्स, सिंगी गली, आगरा।

भूमिका

अपने पूर्वजों का इतिहास जानने की सभी को बड़ी जिज्ञासा रहती है। ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त करने का कौतूहल बना रहता है। हमारा एक छोटा गाँव है, जिसमें एक कुल, वंश है, जिसे 'तिवारी' कहते हैं। गोत्र के अनुसार उसे श्रीमुख शांडिल्य कहते हैं, जिसे सिरजम वंश भी कहा जाता है। मुझे कुल का मूल, विकास और वर्तमान् स्थिति जानने की बड़ी अभिलाषा थी। लेकिन कठिनाइयाँ बड़ी थीं। सामग्री एकत्र करना, उसका स्रोत जानना, उसकी प्रामाणिकता सिद्ध करना, बड़ा कठिन था। किन्तु भावावेश में अंततः पर्याप्त सामग्री प्राप्त हो गयी। प्राचीन काल के अन्वेषकों से बड़ी प्रेरणा मिली। उन्हें धन्यवाद।

बचपन में एक पुस्तक पढ़ी थी ''फिजी में मेरे 21 साल'' स्व. पं. तोताराम शर्मा, मक्खनपुर, फिरोजाबाद (उ. प्र.)। ''घर की बात'' डॉ. राम विलाश शर्मा (आगरा), कुछ और भी पुस्तकें पढ़ी थीं जिनके नाम याद नह ीं। उन पुस्तकों में था कैसे बस्ती (उ.प्र) के स्व. सीताराम तिवारी मॉरीशस गये, कैसे उनके पुत्र स्व. शिवसागर राम गुलाम पौत्र नवीन राम गुलाम, दोनों ही मॉरीशस के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री बने। कैसे गुयाना, सुरीनाम, त्रिनीदाद, फिजी आदि में प्रवासी भारतीय राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बने। कैसे रजनीपाम दत्त के पुत्र आलोक पामदत्त स्वीडेन के प्रधानमंत्री बने। हमीरपुर (उ.प्र.) से गये परिवार के विद्याधर सूरजप्रसाद नाईपाल वेस्टइन्डीज में जन्मे तथा प्रसिद्ध लेखक हुए। नोबल पुरस्कार से सम्मानित हैं। प्रवासी भारीतयों की संख्या विदेशों में लाखों में है। जिन देशों की बातें मैंने ऊपर लिखी हैं, उन्हें भारत के अंग्रेज शासक 1916 तक लालच देकर बिना पढ़े लिखे लोगों को नौकरी का झाँसा देकर उन देशों में मजदूर बनाकर ले गये। वे गिरमिटिया मजदूर कहलाते थे। गन्ने के खेतों में काम करते थे। उनसे कड़ी मेहनत कराई जाती थी। उन लोगों को रामायण, महाभारत, किस्से, कहानियाँ कंठस्थ थे। साथ में बहुत-सी महिलायें एवं परिवार भी गये थे। गरीब थे, आने जाने का कोई साधन नहीं। वहीं के होकर रह गये। आपस में शादियाँ होने लगीं। कोई जाति-पाँति नहीं। उन देशों में प्रवासी भारतीय अब बहुसंख्यक हैं। उनके बच्चे बड़े हुये। पढ़ने, लिखने लगे। पर उन प्रवासी भारतीयों का कहीं भी कोई रिकार्ड नहीं था कि

वह किस गाँव या जिले के हैं। अब उनके पौत्र, प्रपौत्र आदि भारत आते हैं, अपने पूर्वजों का गाँव खोजते हैं, निराश लौटते हैं। कुछ लोग पढ़ना-लिखना जानते थे। अपने गाँव एवं खानदान का नाम लिख लिया था या याददाश्त के सहारे कई पीढ़ी तक चला। उनके वंशज उन गाँवों में आते हैं तथा परिवारों में आना-जाना है।

इसी बीच 1 जून 2015 को मेरे 83 वर्षीय बड़े भाई डॉ. राजपति तिवारी (पूर्व-प्राचार्य, राजा बलवंत सिंह कॉलेज, आगरा) ने मुझे एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने अपने बचपन को याद किया था। मामाओं, मौसी, बुआओं, बहनों एवं गाँव वालों के बारे में पूछा था। उन्होंने लिखा-एकबार मैं गाँव देखना चाहता हूँ, पर मैं लाचार हूँ, जाने में असमर्थ हूँ। 500 किमी का सफर वास्तव में मुश्किल है। हम लोगों को भी गाँव से निकले 60 साल हो चुके हैं।

जब मैं 65 साल की उम्र में 1 जनवरी 2015 को म. प्र. के अम्बाह महाविद्यालय के प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुआ तो एक दिन अचानक मुझे ख्याल आया कि मेरे बाद मेरे पुत्र-पुत्रियों को पता भी नहीं होगा कि हमारे पूर्वज कौन थे और कहाँ के थे। साथ ही हमारे आदि पुरुष मनसा तिवारी को ग्राम डमरुआ, जौनपुर (उत्तर प्रदेश) में आये लगभग 200 साल हो चुके थे। इसी आकांक्षा को अक्ष्क्षुण रखने के लिये मैंने रेकॉर्ड एकत्र करना शुरू किया।

मैं Facebook पर था, साथ ही गाँव के शिवाजी तिवारी (पौत्र स्व. दूधनाथ तिवारी) जो हमारी नवीं पीढ़ी के हैं, 'डमरुआ, जौनपुर माँ ....' नाम से Facebook पर ग्रुप बनाया। 1980 से गाँव आना-जाना न के बराबर था। गाँव के बुजुर्ग नहीं रहे। मेरे बचपन वाले भी बूढ़े हो चले थे। उनमें से मेरे साथ के हृदयनारायण, आशाराम, देवनारायण, मोतीलाल, मेरे बड़े भाई राजधर तथा कई अन्य लोग स्वर्गवासी हो चुके थे। मैंने गाँव के 18 से 30 साल के युवकों से Facebook से सम्पर्क किया, जिन्हें न मैं जानता था न ही वे मुझे जानते थे। उन सबसे काफी जानकरी मिली।

दिनांक : 14-05-2018

डॉ. राजकिशोर तिवारी
लैवेंडर G-09 मंगल आनन्दा,
सॉंगानेर जयपुर-302 029 (राज.)
Mobile No. 9826627365

विषय-सूची

ग्राम डमरुआ की भौगोलिक स्थिति 1

मनसा तिवारी तथा श्रीमती उकठा देवी का वट–वृक्ष डमरुआ 4

1. रघुवर तिवारी का परिवार 5
2. मंगल तिवारी का परिवार 6
3. बेनी तिवारी का परिवार 6
4. जानकी तिवारी का परिवार 7
5. बचई तिवारी का परिवार 7
6. महावीर तिवारी का परिवार 8
7. महादेव तिवारी का परिवार 8
8. संता तिवारी का परिवार 8
9. जगन्नाथ तिवारी का परिवार 8
10. भीख तिवारी का परिवार 9
11. रामनिहोर तिवारी का परिवार 9
12. टिहुली तिवारी का परिवार 10
13. ईसई तिवारी का परिवार 10
14. बिन्देसरी तिवारी का परिवार 10
15. रामस्वरूप तिवारी का परिवार 10
16. राम सुमेर तिवारी का परिवार 11

17.	गयादीन तिवारी का परिवार	11
18.	दीप नरायन तिवारी का परिवार	11
19.	धौंताल तिवारी का परिवार	12
20.	चिखुरी तिवारी का परिवार	12
21.	द्वारिका तिवारी का परिवार	12
22.	चानिका तिवारी का परिवार	13
23.	धनरूप तिवारी का परिवार	14
24.	मातादीन उर्फ बाबा तिवारी का परिवार	15
25.	भोलानाथ तिवारी का परिवार	16
26.	हुब्बलाल तिवारी का परिवार	16
27.	गुदरी उर्फ रामप्रसाद तिवारी का परिवार	16
28.	बच्चा तिवारी का परिवार	16
29.	सच्चा तिवारी का परिवार	17
30.	राम निरंजन तिवारी का परिवार	17
31.	देवी प्रसाद तिवारी का परिवार	17
32.	रामदुलार तिवारी का परिवार	17
33.	माता बकस तिवारी का परिवार	17
34.	शिव कुमार तिवारी का परिवार	18
35.	परसन तिवारी का परिवार	18
36.	तिवारी परिवारों की योग्यतायें, व्यक्तियों तथा उनकी डिग्रियाँ	20
37.	मनसा तिवारी के वंश की बेटियाँ	23
38.	डमरुआ तिवरान की बहुयें	26

39. डमरुआ तिवरान के ग्राम-प्रधान 28

40. डमरुआ तिवरान के शिक्षक 28

41. डमरुआ तिवरान के पोस्ट-मास्टर 29

42. डमरुआ तिवरान के प्रिंसिपल, प्रोफेसर 29

43. मनसा तिवारी वंशावली की श्रृंखला 31

44. डॉ॰ राम आसरे सिंह वंशावली की श्रृंखला 55

❑❑

आमुख

अपने देश, समाज, परंपरा, परिवार के इतिहास का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। जो लोग इतिहास को भूल जाते हैं या उसकी अवहेलना करते हैं, वे शक्ति और प्रेरणा के स्रोत खो देते हैं। आदर्श एवं परम्परायें विकसित होती हैं और आत्मसात की जाती हैं। उनका विकास होता है, उनकी कलम नहीं लगती। मूल्यों के विकास में युग लग जाते हैं। उन्हें सजोने के लिये बड़ी सावधानी की आवश्यकता होती है।

हमारे पूर्वजों की परंपरा का एक इतिहास है। उसका पालन करना, अनुरक्षण करना हमारा परम कर्त्तव्य है। इस आदर्श से प्रेरित होकर मेरे अनुज डॉ. राज किशोर तिवारी, अवकाश प्राप्त प्राचार्य और जन्तुशास्त्र के प्रोफेसर, ने यह गुरुतर भार अपने कंधों पर उठाया है और उसे व्यवहारिक रूप दिया है। इसके लिये वह स्नेह-सिक्त धन्यवाद के पात्र हैं। मुझे ज्ञात नहीं था कि वह बहुत समय से तथ्य संचयन में संलग्न रहे हैं। 200 वर्षों (1785–2018) के विस्तृत समय में हुई घटनाओं, तथ्यों को एकत्र करना दुष्कर, कठिन कार्य है। मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि उन्होंने भगीरथ प्रयत्न किया है, तथ्यों को एकत्र करने और सजोने में। मैं ईमानदारी के साथ कहता हूँ कि यह कठिन कार्य मेरी क्षमता के बाहर है। एकत्र किये गये तथ्यों को देखकर मैं आश्चर्यचकित हूँ। एक तथ्य प्रेरणा का स्रोत अवश्य है : 'सिरजम वंश' की परम्परा का अनुपालन। बरगद के नन्हें बीज से विशाल वटवृक्ष के समान, कुल के लोग देश-प्रदेश के कोने-कोने में मौजूद हैं और यह परम्परा पुष्पित, पल्लवित हो रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी अपना अस्तित्व तथा संस्कृति अक्क्षुण रखेगी। 'मनसा' का पुनीत नाम शाश्वत बना रहेगा।

निवास :
B-31. निर्भय नगर,
आगरा—282 007 (उत्तर प्रदेश)

डॉ. राजपति तिवारी
पी-एच. डी., डी. लिट.
पूर्व प्राचार्य एवं अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग,
राजा बलवन्त सिंह कॉलेज,
आगरा (उ. प्र.)

ग्राम डमरुआ की भौगोलिक स्थिति

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के सिकरारा ब्लॉक में एक गाँव है जिसका नाम डमरुआ (Damarua) है। यह तहसील मछली शहर से 5 km, समाधगंज से 2 km, गुलजारगंज से 3 km तथा जौनपुर से 23 km दूर है। यह 25.74 अक्षांश (Latitude) तथा 25.74 देशांतर (Longitude) पर स्थित है। इस गाँव के चारों तरफ कई गाँव हैं। दक्षिण की तरफ चक शिवराम गीर का चकमहीता तथा हरदुआँ गाँव है, पूर्व की तरफ चक शिवराम गीर का गड़ेरियान, जमुनीपुर, बरईपुर तथा बभनौली गाँव हैं। उत्तर की तरफ सैदपुर, चाँदपुर, लखापुर, भीलमपुर गाँव हैं। पश्चिम में इसमइला, सगरे, डंगरियाँव गाँव हैं। यह गाँव तीन तहसीलों जौनपुर, मछलीशहर तथा मंड़ियाहूँ की सीमा-रेखा पर है। गाँव डमरुआ जौनपुर तहसील में है। इसमें जातियों के आधार पर विभिन्न (पुरे) हैं—जैसे तिवारियों का तिवरान, बाजार में उपाध्याय, वैश्यवर्ग, केवटान, दुबान, भरसवाँ में कोइरी, धुमआँ में यादव, कोइरान में मौर्य, पड़ान में पान्डे, पड़ाने का अहिरान, लोहरान, ठकुरान, पवारे का पूरा नहर के पास का केवटान, मचकाही, दलितों के मुहल्ले सम्मिलित हैं।

ग्राम डमरुआ का नाम शंकर जी के मन्दिर डमरुनाथ के नाम पर है। शंकर जी का मंदिर बहुत पुराना है। सरकारी रेकॉर्ड के अनुसार यह मंदिर (शिवालय) 1750 ई. में मौजूद था, जिसके सामने काफी बड़ा तालाब है, जिसे शिवाला नाम से जाना जाता है। मन्दिर में शिवलिंग है। बगल में शीतलामाता का मंदिर है। 2012 में डमरुनाथ मंदिर का पुनरुद्धार हुआ था।

1775 में डमरुआ राजा बनारस राज्य का गाँव था। शिवाला के किनारे एक छावनी थी, जहाँ राजा के कारिंदे रहते थे। वे जनता से कर वसूला करते थे। यहीं पर राजा के सिपाही भी रहते थे। आजादी के बाद सन् 1952 में इस छावनी को गाँव के राम प्रताप तिवारी ने 500 रु. में खरीद लिया। इसे गिराकर तिवारी जी के परिवार के 4-5 मकान बन गये हैं।

1957 से 1982 तक इसमें डाकघर चलता था। रामप्रताप तिवारी प्रथम पोस्ट मास्टर थे। पोस्ट ऑफिसी का पिन कोड 222135 है।

1810 के आस-पास इस गाँव के मालिक भूमिहार परिवार के जमींदार ठा. राम आसरे सिंह थे। इस क्षेत्र में विन्ध्याचल की देवी (अष्ठ भुजा देवी), जो मिरजापुर जिले में चील्हघाट के पार गंगा नदी के किनारे स्थित हैं कि इस क्षेत्र में भारी मान्यता है। ठा. राम आसरे सिंह भी अपने परिवार के साथ देवी-दर्शन के लिए गये थे। जिस समय देवी-दर्शन के लिये ठाकुर साहब परिवार सहित नाव पर सवार होने जा रहे थे, वहीं एक पण्डित जी चंदन का लेप लगाये, साफा बाँधे बैठे थे। पण्डित जी ने आवाज देकर ठाकुर साहब को अपने पास बुला लिया और उन्हें नाव में बैठने से मना किया। ठाकुर साहब पण्डित जी के पास परिवार सहित बैठ गये। सावन का महीना था। गंगा जी पूरे उफान पर थीं। नाव जब बीच गंगा में पहुँची तो इन लोगों ने देखा कि नाव डूब रही है। सभी सकते में थे। ठा. साहब पण्डित जी के सम्मुख दण्डवत हो गये। उनका परिचय पूछा तथा उन्हें आदरपूर्वक अपने साथ डमरुआ गाँव ले आये। उस समय डमरुआ (डवरुवा) नाम से जाना जाता था। ठा. साहब ने उनसे डमरुआ गाँव में बसने की प्रार्थना की तथा 22 बीघा जमीन की पेशकश की।

ऊपर जिस पण्डित जी का जिक्र है, उनका नाम था मनसा तिवारी। मनसा तिवारी वर्तमान् देवरिया जिले के सिरजम गाँव के सरयूपारी, शान्डिल्य गोत्री ब्राह्मण थे। सिरजम गाँव तहसील बेतालपुर, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश में स्थित है। देवरिया जिला मुख्यालय से 13 किमी तथा तहसील बैतालपुर से 5 किमी दूर स्थित है। पोस्ट ऑफिस सिरजम 274202 है तथा मुख्य डाकघर गौरी बाजार है। इसी के पास चौरी-चौरा थाना भी है।

ऐसा मालूम पड़ता है कि मनसा तिवारी का परिवार काफी बड़ा था। खेती अधिक नहीं थी। तीन भाई थे। भाइयों का परिवार भी बड़ा था। मनसा अपने घर सिरजम गाँव गये तथा अपने माता-पिता तथा भाइयों से बात की। अंत में यही निर्णय हुआ कि वह डमरुआ गाँव चले जायँ।

मनसा तिवारी का जन्म 1785 के आस–पास का है। जिस समय वह डमरुआ आये, उस समय उनकी उम्र लगभग 35 साल थी। उस समय डमरुआ राजा बनारस उदित नारायण सिंह साहब बहादुर के राज्य का भाग था। ठा. राम आसरे सिंह राजा की तरफ से कर वसूलते थे। जिस समय मनसा तिवारी डमरुआ आये उनके साथ उनके तीन पुत्र क्रमशः 8, 6, 4 के साल के थे। मनसा तिवारी की पत्नी का नाम उकठा देवी था।

1960 में मैं करीब 10 साल का था। परिवार की बुजुर्ग महिलायें शादियों में पूर्वजों के नाम लेकर गीत गाया करती थीं। उसमें 'मनसा की उकठा देवी' का भी नाम आता था। बाकी पुरुषों का भी नाम लिया जाता था। 1959 में मेरी दादी जशोदा 80 साल तथा मेरी माता राजवन्ती की उम्र 55 साल की थीं। यह सब मैंने अपने पिता स्व. धनरूप तिवारी से सुना। 1960 से 1970 के बीच में जब मैं गर्मियों की छुट्टियों में आगरा से गाँव आता था, तो उनसे पूर्वजों के बारे में पूछा करता था। मैं उत्सुकता वश एक कॉपी में यह सब लिखता रहता था। वह कॉपी आज भी मेरे पास मौजूद है। वास्तव में 1970 के बाद मैं इस सम्बन्ध में बहुत कुछ भूल गया था। 2015 में जब मैं सेवा निवृत्त हुआ तो वह कॉपी एक बक्से में गुड़ी–मुड़ी हालत में मिली। मेरी पत्नी डॉ. मंजु तिवारी सामान उलट–पलट रहीं थीं। उन्होंने इस कॉपी को देखा और बताया कि यह कॉपी मेरे खानदान के बारे में है। मैंने उसे पढ़ा। स्मृति–पटल पर बचपन याद आ गया। मेरे गाँव के खानदान में आठवीं पीढ़ी के श्री विनोद तिवारी पुत्र हरिशंकर तिवारी (स्व. कालूराम तिवारी के पौत्र) काफी समय से आग्रह कर रहे थे, दादा जी कभी गाँव तो आइये। अब गाँव में सारी सुविधाऐं हैं। आपको कोई कष्ट नहीं होगा। मैं 18 अक्टूबर 2015 को ड्राइवर के साथ गाँव गया। विनोद के बच्चे, उनके भाई के बच्चे, उनकी पत्नी तथा उनकी भाभी ने मेरा जो स्वागत किया वह अवर्णनीय है। 10 दिन रहा। पुरानी कॉपी तथा पुराने लोग श्री लक्ष्मी नारायण तिवारी, जगन्नाथ तिवारी उर्फ 'नेता जी' श्री कड़ेदीन तिवारी से बहुत जानकारी मिली। 1962 में

गाँव में चकबंदी हुयी थी। 1966 की बात है घर में एक कोने में एक थैले में बहुत से कागजात भरे पड़े थे। उनमें से कुछ कागजातों को मैंने कॉपी में रख लिया था। जिससे गाँव का यह इतिहास लिखने में बड़ी सामग्री मिली। पुनः 22 फरवरी से 2 मार्च तक डमरुआ गया। काफी तथ्य एकत्रित किये।

डमरुआ में 1920 में प्राइमरी स्कूल की स्थापना हुई, परन्तु अपने तिवारियों में से कोई स्कूल नहीं गया। पूरा गाँव निरक्षर। स्कूल डमरुनाथ मन्दिर के पास ही था। सबसे पहले 1925 में स्व. बोड़ई पण्डित सभाकर तिवारी के दादा तथा गोपाल तिवारी चिन्तामनि तिवारी के दादा स्कूल गये थे। गोपाल तिवारी ने तो मिडिल पास किया और कुछ समय टीचर भी रहे। बोड़ई पण्डित ने चौथी के बाद स्कूल छोड़ दिया तथा तंत्र-विद्या के ज्ञानी हो गये। उसके दो तीन साल बाद रामप्रताप तिवारी दूधनाथ तिवारी, चन्नी तिवारी, हरिहर तिवारी स्कूल गये। केवल राम प्रताप तिवारी तथा हरिहर तिवारी ने मिडिल पास किया। राम प्रताप तिवारी 1957 से वर्षों गाँव के पोस्टमास्टर रहे। उसके बाद 1930 से 10-15 लोग स्कूल गये पर 2, 3, 4 कक्षा के बाद स्कूल छोड़ दिया। सर्वप्रथम मेरे बड़े भाई राजपति तिवारी 1947 में मिडिल पास करके हाईस्कूल की कक्षा में पढ़ने गये। उसी साल उनके लिए हरकुलिस साइकिल खरीदी गई, जो गाँव के लिये अजूबा थी। ऐसा उस समय के लोग बताते हैं। कल्पना कीजिए 1815 से 1920 तक डमरुआ में कोई स्कूल नहीं था। पूरे 105 साल पूरा गाँव निरक्षर था। हमारे पूर्वज मनसा कुछ पढ़े थे पर उनके बच्चे और बाद की पीढ़ियाँ बिलकुल अनपढ़।

मनसा तिवारी तथा श्रीमती उकठा देवी का विशाल वट-वृक्ष डमरुआ तिउरान।

मनसा तिवारी अपनी पत्नी, तीन पुत्रों के साथ 1815 में डमरुआ गाँव आये थे। जहाँ आज मनसा बाबा का कुआँ है, उसी के पास उन्हें बसाया गया। उस

समय वह स्थान वीरान था। झाड़-झंखाड़ से घिरा हुआ था। वहीं से दक्षिण की तरफ सरजू नोनियाँ, हरिहर गीर, विश्वनाथ गीर के घर के पिछवाड़े से लेकर बाजार की तरफ कायस्थों, हरिजनों के पिछवाड़े से लेकर रामस्वरूप स्वर्णकार (अब फूँल चंद तिवारी का) के सामने से मत्तू गेडेरिया के सामने तक की सारी जमीन पुराना बगीचा, जहाँ 1990 तक एक इमली का पेड़ा था, गढ़इया के पास से पयाग केवट के पीछे तक जमीन मिली। कुछ जमीन इन्दर बाबा तथा धुमवाँ के पास, जहाँ पिल्ला का बगीचा था। यह जमीन मनसा के परिवार के लिए बहुत अधिक थी।

मनसा बाबा का जहाँ कुआँ है, उसके पास दो विशाल इमली के पेड़ थे। जिसे गाँव वालों ने 1964 और 1966 में कोयला बनाने वालों को बेच दिया। यह पेड़ इतने विशाल थे कि समाधगंज से दिखाई देते थे। मछली शहर की तरफ से आने वालों को दोनों पेड़ दो किमी. दूर से ही दिख जाते थे।

मनसा तिवारी के तीनों पुत्र बड़े होने लगे। उनके विवाह हुए। मनसा के बड़े पुत्र रघुवर तिवारी के चार पुत्र हुए, जिनके नाम मुसई, मंगल, भीख, टिहुली थे।

मनसा के दूसरे पुत्र धौताल के चार पुत्र एक पुत्री थी। चारों पुत्रों के नाम क्रमशः चिखुरी, गुदरी उर्फ रामप्रसाद, देवी प्रसाद, हनुमान तथा पुत्री का नाम माना देवी था।

मनसा के तीसरे पुत्र परसन थे। उनके पुत्र का नाम शीतल प्रसाद था।

1851 में मनसा तिवारी का निधन हो गया। 1852 में तीनों पुत्रों के नाम जमीन का नामांतरण हो गया। परिवार बढ़ने के कारण तीनों भाई अलग-अलग रहने लगे। मकानों की संख्या बढ़ने लगी।

(1) मनसा तिवारी के बड़े पुत्र रघुवर तिवारी का परिवार

मनसा तिवारी के सबसे बड़े पुत्र रघुवर थे, जिनके बड़े पुत्र मुसई थे। मुसई के एक पुत्र का नाम रखा गया देवी दयाल। एकलौता पुत्र होने कारण बड़े

लाड़-प्यार में पले। परिवार में सबसे बड़े होने के कारण 'बड़का' तिवारी कहलाने लगे। आज भी गाँव में इनका परिवार 'बड़का' तिवारी के नाम से जाना जाता है। देवी दयाल के दो पुत्र हुए, राम भरोसे, दुखली उर्फ दुखीराम। राम भरोस के पाँच पुत्र थे, राम अलम, रामनरेश, राम अधार, राम अवध उर्फ झुम्मन, रामराज उर्फ पिल्ला। प्रथम चार की संतानों के पुत्र-पुत्रियाँ, नाती-पोतों का परिवार है। पाँचवें पुत्र रामराज उर्फ पिल्ला विवाहित थे पर कोई संतान नहीं थी। किन्तु उनके द्वारा लगाया गया आमों का बाग पिल्ला का बाग कहलाता है। यह बाग धुमवाँ जाने वाले रास्ते पर डीहा तारा के पास है। बिना देख-रेख, आँधी-पानी के कारण बाग नष्ट हो गया। कुछ पेड़ अभी भी जीवित हैं। राम भरोस के दूसरे भाई दुखली उर्फ दुखीराम विवाहित थे। पत्नी का नाम कौशल्या था। बाल-विधवा थीं।

नोट : पूरे परिवार के नाम के लिए पीछे लगा चार्ट देखें।

(2) मंगल तिवारी का परिवार

रघुवर के दूसरे पुत्र मंगल थे। उनके पुत्र हुए, बेनी, जानकी, जुग्गू उर्फ जगन्नाथ, जैकरन।

(3) मंगल तिवारी के जेष्ठ पुत्र बेनी का परिवार

बेनी के चार पुत्र हुए। देवी शरन, सुब्बा, मतई, सतई।

देवी शरन के तीन पुत्र थे, सहदेव, कालीदीन, रामजतन। सहदेव के पुत्र सूर्यमनि और आशाराम थे।

इनके परिवार में पुत्र-पुत्रियाँ नाती-पोते हैं। दूसरे पुत्र कालीदीन अविवाहित थे। किन्तु उन पर सरस्वती की कृपा थी। आल्हा बहुत अच्छा गाते थे। तीसरे पुत्र रामजतन थे। इनकी मृत्यु युवावस्था में हो गई थी। पत्नी का नाम हुबराजी देवी था। इनके पुत्र दूधनाथ थे। दूधनाथ के चारों पुत्रों का परिवार नाती-पोतों से भरा-पूरा है।

बेनी के दूसरे पुत्र सुब्बा थे। उन्होंने गाँव के पूरब तरफ एक बाग लगाया जो सुब्बा का बाग कहलाता है। नहर के पास जहाँ नागपंचमी (पचइयाँ) पर कूद (कूड़ी) होती है। बड़े-बड़े इमली, महुआ, बरगद, आम के पेड़ थे। अब उजड़ गया है। सुब्बा के पुत्र थे सन्तलाल उर्फ बसन्तू उर्फ साधू। इनके पुत्र हैं शेष मणि और चन्द्रमणि।

बेनी के तीसरे पुत्र थे, मतई। मतई के दो पुत्र थे बबऊ, ऊदति। बबऊ के दो पुत्र थे, श्रीकान्त, झल्लर। श्रीकान्त की अल्पायु में ही मृत्यु हो गयी थी। विवाह हो चुका था। उनकी पत्नी पति के स्वर्गवास के बाद अपने भाइयों के पास रहती थीं। दूसरे पुत्र झल्लर थे। एक दुर्घटनों में कुएँ की सफाई करते समय ऊपर से सिर पर घिर्री गिरने से मृत्यु हो गई। इनके तीन पुत्र हैं, जिसमें छोटेलाल पोस्टमास्टर हैं। ऊदति के पुत्र त्रिभुवन हैं। त्रिभुवन के पुत्र-पुत्रियाँ हैं।

बेनी के चोथे पुत्र थे, सतई। इनके पुत्र गिरिजाशंकर उर्फ सेठ थे। सेठ के पुत्र हैं हरसूदीन। हरसूदीन के चार पुत्र हैं। नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार है।

(4) मंगल के दूसरे पुत्र जानकी तिवारी का परिवार

मंगल के दूसरे पुत्र जानकी थे। जानकी के पाँच पुत्र थे, बचई, महावीर उर्फ शायरी, महादेव, शिव प्रसाद उर्फ राना, सन्ता। सभी पाँच भाइयों की एक खासियत थी। सभी भाई बहुत लम्बे थे, 6 फीट के लगभग।

(5) बचई तिवारी का परिवार

बचई के चार पुत्र हुए, बद्री प्रसाद, पारस नाथ उर्फ परसू, तीर्थ नाथ उर्फ तिर्थू, राम बरन। पारस नाथ के पुत्र सभापति तथा राम इकबाल हैं। दोनों भाइयों का परिवार नाती-पोतों से भरा पूरा है।

तीर्थनाथ के तीन पुत्र हैं, रमाकान्त, रमापति, उमापति। तीनों भाइयों का परिवार है।

रामबरन के पुत्र हैं शम्भूनाथ उर्फ आशाराम। इन्हें अपने ननिहाल सुरयावाँ के पास मिश्री-गड़ौरा गाँव में नेवासा मिला है। वहीं रहते हैं।

(6) महावीर तिवारी का परिवार

महावीर उर्फ 'शायरी' काफी डील-डौल और लम्बे कद के थे। तीन शादियाँ हुईं। उनके पुत्र भभूती उर्फ विभूति नारायण थे। विभूति के पुत्र मारकन्डेय हैं। भरा-पूरा परिवार है।

(7) महादेव तिवारी का परिवार

जानकी के तीसरे पुत्र महादेव थे। इनकी दो पुत्रियाँ थीं, बल्ली, इशाऊ उर्फ इशराजी। पत्नी अंधी थीं। अन्हरा मावा या कुबरा मावा के नाम से जानी जाती थीं।

जानकी के चौथे पुत्र शिव प्रसाद उर्फ राना थे। बहुत ही सौम्य स्वभाव के थे। गाँव में कहीं से निमंत्रण आता था तो इन्हीं के नाम आता था। एक पुत्र राम समुझ थे, जिनकी युवावस्था में मृत्यु हो गयी। स्व. राम समुझ की पत्नी दुलारी भाभी ने 40 वर्ष तक विधवा का जीवन विताया।

(8) सन्ता तिवारी का परिवार

जानकी के सबसे छोटे पुत्र सन्ता थे। इनके एकपुत्र एवं पाँच पुत्रियाँ हैं। पुत्र का नाम कड़ेदीन है। पोस्टमास्टर से अवकाश प्राप्त हैं। एक पुत्र शीतलामणि। इनके नाती-पोते हैं।

(9) जगन्नाथ उर्फ जुग्गू तिवारी का परिवार

मंगल के तीसरे पुत्र थे जगन्नाथ जिनके इकलौते बेटे थे शिवमूरत। जमींदार के नाम से जाने जाते थे। इन्हें तीन पुत्र रत्नों की प्राप्ति हुई। जिनके नाम सूर्यबली, बैजनाथ, सीताराम। सीताराम ग्राम प्रधान थे। तीनों भाइयों का परिवार नाती-पोतों सहित फल-फूल रहा है।

मंगल के चौथे पुत्र जैकरन थे। उनकी एक पुत्री थी आनन्दी बुआ। उनका विवाह धनियामऊ में हुआ था।

मंगल की एक पुत्री थी ताजी बुआ। इनकी शादी गोपालपुर में हुई थी। बाल-विधवा थीं। पूरा जीवन डमरुआ में भाइयों के परिवार के साथ बीता।

(10) भीख तिवारी का परिवार

रघुवर के तीसरे बेटे का नाम भीख था। भीख के पुत्र थे कालिका प्रसाद। कालिका प्रसाद के पुत्र हुए राम सुन्दर, राम निहोर, ठकुरी।

कालिका प्रसाद के साथ एक दुर्घटा घटी। मिर्जापुर से गन्ना की पिराई के लिए पत्थर के कोल्हू लुढ़का लाये जाते थे। जहाँ पुराना बगीचा है, चकमहीता के आगे, दीपूगंज, जहाँ मेला लगता है। कोल्हू के नीचे दबकर मृत्यु हो गयी थी।

रामसुन्दर के चार पुत्र हुए, नन्द किशोर, महानन्द उर्फ गुल्लू, राम अक्षैबर, जयश्री। यह चारों भाई भी अच्छी डील-डौल के थे। नन्दकिशोर के दो पुत्र, नन्हकू, रामचन्द। नन्हकू के पुत्र माताप्रसाद उर्फ बाबा सालिगराम, भूलन, राजेन्द्र हैं। रामचन्द्र के तीन पुत्रियाँ थीं।

रामसुन्दर के दूसरे पुत्र गुल्लू उर्फ महानन्द थे। उनके पुत्र मुखिया अविवाहित थे।

रामसुन्दर के चौथे पुत्र राम अछैबर थे। इनके चार पुत्र बंशीधर, राधेश्याम, रघुराज, रामभरत हैं। रघुराज तथा रामभरत मुम्बई में शिक्षक थे। खुशहाल परिवार परिजनों से पूर्ण है। रामसुन्दर के चौथे पुत्र जयश्री थे। वे अविवाहित थे। अपने भाई राम अक्षैबर के साथ रहते थे।

(11) राम निहोर तिवारी का परिवार

राम निहोर के दो पुत्र थे, राम गोपाल, और चन्द्रबली। रामगोपाल गाँव के पहले मिडिल पास शिक्षक थे। दो पुत्र, पूर्णमासी उर्फ पुन्नी, यदुवंश उर्फ डेबा

थे। दोनों भाई मुम्बई में शिक्षक थे। राम निहोर के दूसरे पुत्र चन्द्रबली उर्फ चन्नू थे। उनके पुत्र घनश्याम उर्फ बाबा हैं। बाबा के तीन पुत्र हैं।

भीख के तीसरे पुत्र ठकुरी थे। विवाहित थे। जियरामऊ में विवाह हुआ था। छोटी उम्र में ही मृत्यु हो गयी। पत्नी जीवन भर जियरामऊ में भाइयों के पास रहीं।

(12) टिहुली तिवारी का परिवार

रघुवर के चौथे पुत्र टिहुली थे। इनके दो पुत्र ईशरी एवं विन्देश्वरीथे।

(13) ईक्षरी तिवारी का परिवार

ईशरी के पुत्र थे रामनन्दन। रामनन्दन के दो पुत्र थे, अद्याप्रसाद और लुल्लू। अद्याप्रसाद की मनसा बाबा के कुएँ के पास वाले तालाब में मिट्टी खोदते समय मिट्टी में दब जाने से मृत्यु हो गयी थी। उनके पुत्र शोभानाथ उर्फ शोभई थे। शोभनाथ के पुत्र चन्द्रमणि उर्फ नेईधर हैं। परिवार भरा-पूरा है। रामनन्दन के दूसरे पुत्र लुल्लू की दो शादियाँ हुईं। पहली से हरिहर तिवारी, जिनकी पाँच पुत्रियाँ हैं। पत्नी का नाम था ललका। बेटियाँ दुर्गा, विद्यावती, विमला, मनतोरा और मनटूटा हैं। लुल्लू की दूसरी पत्नी से दो बेटियाँ थीं। एक का विवाह धनियाँमऊ से हुआ था।

(14) बिन्देसरी तिवारी का परिवार

टिहुली के दूसरे पुत्र थे बिन्देसरी। इनके चार पुत्र थे, रामस्वरूप, रामसुमेर, गयादीन, दीपनारायण।

(15) रामस्वरूप तिवारी का परिवार

रामस्वरूप के पुत्र सूर्यनाथ उर्फ बबऊ था। इनकी पत्नी का नाम दुलारी था। इनके चार पुत्र, रामदवर, रामलखन, कन्हैया लाल, रामप्यारे। बबऊ का परिवार बड़ा है। नाती-पोतों से भरपूर है। रामदवर के पुत्र बजरंगी एवं बजरंगी के पुत्र जयप्रकाश शिक्षक हैं। रामलखन की बेटी मक्की तिवारी M.A., Ph. D. हैं।

(16) रामसुमेर तिवारी का परिवार

बिन्देसरी के दूसरे पुत्र रामसुमेर थे। इनके चार पुत्र, बचऊ, कालूराम, विश्वनाथ उर्फ फक्कड़, चोन्हर उर्फ साधू। बचऊ के पुत्र थे रामकिशोर। काफी लम्बे थे। अलग से दिखते थे। उनके पुत्र कृपाशंकर उर्फ लंगड़ हैं। इनके नाती-पोतों का बड़ा परिवार है। रामसुमेर के दूसरे पुत्र कालूराम थे। बहुत मान-सम्मान था। बहुत अच्छे गायक थे। इनके तीन पुत्र हरिशंकर, विद्याधर, और रमाशंकर। तीनों भाइयों के पुत्र-पुत्रियों का बड़ा परिवार है। रामसुमेर के तीसरे पुत्र विश्वनाथ थे। इनके पुत्र जटाशंकर थे। जटाशंकर के चारों पुत्रों का परिवार धन-धान्य से पूर्ण है। रामसुमेर के चौथे पुत्र चोन्हर उर्फ साधू थे। अविवाहित थे।

(17) गयादीन तिवारी का परिवार

बिन्देसरी के तीसरे बेटे का नाम गयादीन था। गयादीन के पाँच पुत्र, बल्देव उर्फ बोड़ई पंडित, छविराम, राजाराम, जैराम, करनाम। बलदेव के पुत्र जनार्दन उर्फ मुकादम, रामशिरोमणि, रामसुरेश। सभी का भरा-पूरा परिवार है। रामसुरेश को मँगुरा गाँव में नेवासा मिला है। वहीं रहते हैं। छविराम और जैराम अविवाहित थे। राजाराम के पाँच पुत्रियाँ और पुत्र ब्रजभूषण थे। ब्रजभूषण उर्फ भुखई की दो शादियाँ हुईं। दोनों से पुत्र-पुत्रियाँ हैं। गयादीन के पाँचवें पुत्र करनाम थे। उनके पुत्र शेषमणि तथा जीतमणि हैं। शेषमणि मुम्बई में शिक्षक थे। अवकाश प्राप्त हैं।

(18) दीपनरायन तिवारी का परिवार

विन्देशरी के चौथे पुत्र दीपनारायण थे। उनके पुत्र यदुनाथ उर्फ लोदई, राम प्रताप, उदयराज उर्फ नन्हकू। यदुनाथ के पुत्र जगदीश उर्फ देल्हू थे। देल्हू के पुत्र श्याम नारायण और श्याम सुन्दर हैं। दोनों का ही भरा-पूरा परिवार है। दीपनारायण के दूसरे पुत्र राम प्रताप थे। जो गाँव के प्रथम पोस्ट मास्टर थे।

गुलाब चन्द एवं लाल चन्द दो पुत्र हैं। दोनों भाइयों के पुत्र-पुत्री हैं। दीपनारायण के तीसरे पुत्र उदय नारायण थे। अच्छे गायक थे। तीन पुत्र रमेश, प्रेम और मोहन। रमेश की अकाल मृत्यु हो गयी थी। दोनों भाइयों का भरा-पूरा परिवार है।

(19) मनसा तिवारी के दूसरे पुत्र धौंताल तिवारी (1810–1879) का परिवार

मनसा तिवारी के मँझले पुत्र धौंताल का जन्म 1810 में हुआ था। इनकी मृत्यु 1879 में हुई। इनके चार पुत्र, चिखुरी, गुदरी उर्फ रामप्रसाद, देवी प्रसाद, हनुमान प्रसाद तथा 'माना' नाम की पुत्री थी।

(20) चिखुरी तिवारी का परिवार

चिखुरी धौंताल के सबसे बड़े पुत्र थे। इनका जन्म 1830 में एवं मृत्यु 1908 में हुई। चिखुरी की मृत्यु के बाद खेतों का नामांतरण 1909 में इनके तीनों पुत्रों के नाम हो गये। चिखुरी के तीन पुत्र क्रमशः मथुरा प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, चानिका प्रसाद और चार पुत्रियाँ, मूना, सुमेरा, रजुई, परताबी थीं। इन चारों के विवाह तिलहरा, चौखड़ा तथा लमहनी गाँव में हुए थे।

चिखुरी की चारों बेटियों के बाद तीन पुत्रों का जन्म हुआ।

मथुरा प्रसाद तिवारी

चिखुरी के बड़े पुत्र मथुरा प्रसाद थे। एक पुत्री थी। एक पागल सियार के काटने से उनकी मृत्यु हो गयी।

(21) द्वारिका प्रसाद तिवारी का परिवार

चिखुरी के द्वितीय पुत्र थे द्वारिका प्रसद। बउकऊ बाबा के नाम से जाने जाते थे। इनका विवाह वंशी से गाँव पिलखुना में हुआ था। इनके तीन पुत्र थे, गंगा प्रसाद, भैख प्रसाद उर्फ गुल्नू, सत्यनाराय उर्फ नुन्नू।

गंगा का विवाह गाँव ग्राम गौरा की धनपत्ती देवी से हुआ था। गंगा के तीन पुत्र जगन्नाथ, हरिशंकर तथा शेषदीन थे। दो पुत्रियाँ रमदेई एवं ईसर देई। जगन्नाथ

का विवाह सड़सड़ा गाँव में हुआ था। इनके पुत्र हृदय नारायण थे जो कि होम्योपेथिक डॉक्टर थे। एक दुर्घटना में इनकी मृत्यु हो गयी। इनके चार पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार है।

गंगा के दूसरे पुत्र हरिशंकर थे। इनका विवाह मिश्री गड़ौरा में हुआ था। पुत्र-पौत्रों का बड़ा परिवार है। गंगा के तीसरे पुत्र शेषदीन थे। एक दुर्घटना में जौनपुर स्टेशन पर इनकी मृत्यु हो गई। पुत्र-पौत्रों से युक्त परिवार है। गंगा की दोनों पुत्रियाँ रमदेई सुजानगंज एवं ईसरदेई का विवाह सकरा गाँव में हुआ था।

द्वारिका के दूसरे पुत्र भैरव प्रसाद उर्फ गुल्लू थे। इनके छः पुत्र हैं। जिनवें पाँचवें पुत्र कृपाशंकर की मृत्यु रेलवे लाइन क्रॉस करते समय हो गई। इनका विवाह रीवा में हुआ था। पत्नी ने पुर्नविवाह नहीं किया सभी के पुत्रों-पौत्रों से भरा-पूरा परिवार है।

द्वारिका के तीसरे पुत्र सत्यनारायण, उर्फ नुन्नू थे। इनके एक पुत्र रघुनाथ थे। रघुनाथ के पुत्र अशोक थे, जिनकी रायपुर (छत्तीसगढ़) में एक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। अशोक की पत्नी एवं पुत्र विधिरक्षा अपने ननिहाल रीवा (म. प्र.) में हैं।

(22) चानिका प्रसाद तिवारी का परिवार

चिखुरी के सभी पुत्रों और पुत्रियों में चानिका सबसे छोटे थे। इनका जन्म 1875 में तथा मृत्यु 1946 में हुई थी। सोखा नाम से प्रसिद्ध थे। इनका परिवार आज भी सोखा परिवार के नाम से जाना जाता है। चानिका का विवाह बहरइची (सुरियावाँ) के भिखारीपुर के जशोदा शुक्ला से हुआ था। जशोदा मावा गोरे रंग की बहुत ही सुन्दर थीं। इनकी मृत्यु जून 1959 में हुई। चानिका और जशोदा से चार पुत्र क्रमशः धनरूप, मातादीन उर्फ बाबा, भोलानाथ, हुबलाल और पुत्रियाँ बबना और सुखना थीं जिनका विवाह मुगराबादशह पुर के गोरइयाडीह तथा सरौली के भुतहा गाँव में हुआ था।

(23) धनरूप तिवारी का परिवार

चानिका के सबसे बड़े पुत्र धनरूप थे। इनका जन्म 1905 तथा मृत्यु 1980 में हुई। गऊ सराय के गौरा गाँव में इनका विवाह राजवन्ती शुक्ला से हुआ। राजवन्ती के भाई महावीर, दशरथ और कंकड़ थे। बड़ी बहन सोनकली थी, जिनका विवाह पँवारा गाँव के जगन्नाथ दूबे से हुआ था।

धनरूप के पाँच पुत्र और तीन पुत्रियाँ हुईं, क्रमशः राजमणि, राजदेव, राज पति, राजधर, राज किशोर, पुत्रियाँ लालदेई, श्याम देई, गुलाब देई।

धनरूप के बड़े पुत्र राजमणि थे। वे दर्जा चार तक पढ़े थे। उनका विवाह अवरइला गाँव में हुबराजी देवी से हुआ। उनका पुत्र जगदीश उर्फ जंगल जमशेदपुर में रहता है। उनका अपना व्यवसाय है। दो पुत्र राहुल, रोहित तथा पौत्र रोहन हैं।

धनरूप के दूसरे पुत्र राजदेव थे। उन्हें पढ़ने का मौका नहीं मिला। खेती–बारी में शामिल हो गये। उनका मन भी पढ़ने में नहीं लगता था। खुद अशिक्षित थे परन्तु अपने पुत्र–पुत्रियों को उच्च शिक्षा दिलाई। इनके दो विवाह हुए। प्रथम विवाह से रामजीत, और अशोक। रामजीत एम. एस–सी., पी–एच. डी. हैं। महारानी सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर (म. प्र.) में कृषि वैज्ञानिक हैं। पुत्र सौर्यन है।

राजदेव की दूसरी पत्नी से चार पुत्र हैं, सूर्य नारायण MCA हैं। मैट्रिक स्टीम में काम करते हैं। बंगलौर में रहते हैं। राम नारायण, श्याम नारायण CA हैं। बेटियाँ स्नातक हैं।

धनरूप के तीसरे पुत्र राजपति तिवारी हैं। डमरुआ गाँव में शिक्षा का अभाव था, परन्तु पिता और बड़े भाइयों ने पूरी मदद की। 1957 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में M.A. किया। उसी वर्ष बलवन्त राजपूत कॉलेज, आगरा में अंग्रेजी विभाग में प्रवक्ता नियुक्त हुए। 1963 में बिड़ला इंस्टिट्यूट, पिलानी में प्रवक्ता नियुक्त हुए। 1964 में, St. John's कॉलेज, आगरा में सीनियर प्रवक्ता नियुक्त हुए। 1973 में अपने पुराने कॉलेज (बलवन्त राजपूत कॉलेज)

अब राजा बलवन्त सिंह कॉलेज, में रीडर हेड नियुक्त हुए। 1985 में कॉलेज के प्राचार्य बने। 1994-95 में अवकाश ग्रहण किया। अंग्रेजी में M.A., Ph.D., D.Litt. हैं। इनके निर्देशन में 122 लोगों को Ph.D. की उपाधि मिली है। कई पुस्तकों के लेखक हैं। उनके दो पुत्र और एक पुत्री है। पुत्र डॉ. विनोद केन्द्रीय कृषि अनुसंसधान संस्थान, कर्नाल (हरियाणा) में कृषि वैज्ञानिक हैं। पुत्र मयंक M.B.A. हैं। मल्टी नेशनल कम्पनी में कार्यरत हैं। दूसरे पुत्र डॉ. सुशील एयर फोर्स स्कूल में उप-प्रधानाचार्य हैं। इसकी पत्नी प्रिंसिपल हैं, पुत्री होम्योपैथिक डॉक्टर है।

धनरूप के चौथे पुत्र राजधर थे। 1992 में नहर में डूबने से मृत्यु हो गई। अंजनी और शिवकुमार पुत्र हैं। कई पौत्र-पौत्री हैं।

धनरूप के सबसे छोटे पुत्र डॉ. राज किशोर हैं। उन्हें उनके बड़े भाई डॉ. राजपति, अपने साथ आगरा ले गये थे। वह M.Sc. (Zoology) Ph.D. हैं। अम्बाह कॉलेज अम्बाह म. प्र. में सहायक प्राध्यापक नियुक्त हुए। 1993 में प्रोफेसर एवं हेड नियुक्त हुए। 2005 में प्रिंसिपल नियुक्त हुए। 2015 में अवकाश प्राप्त हुए। उनकी पत्नी डॉ. मंजु तिवारी, अम्बाह पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में अंग्रेजी की प्रोफेसर और हेड रहीं। 2016 में रिटायर हुईं। पुत्रियाँ डॉ. शिप्रा तिवारी M.Sc., Ph.D., डॉ. स्वरिमा M. Tech. Ph.D. हैं, नयन प्रिया M.B.A. हैं। तीनों ही सर्विस में हैं। पुत्र प्रतीक्षित उर्फ शेखर भारतीय सेना में कैप्टेन के पद पर है।

(24) मातादीन उर्फ बाबा तिवारी का परिवार

चानिका के दूसरे पुत्र बाबा थे। इनकी ससुराल गोपीपुर में थी। चार पुत्र अमरनाथ, अर्जुन, विजय शंकर, रमाशंकर और पाँच पुत्रियों के पिता थे। अमरनाथ के पौत्र सुरेश C.A. हैं, मुकेश फर्मा कम्पनी में हैं। रमाशंकर के पुत्र रत्नेश BDS, Dentist हैं। चारों भाइयों का पौत्र-पौत्रियों से भरा परिवार है।

(25) भोलानाथ तिवारी का परिवार

चानिका के तीसरे पुत्र भोलानाथ थे। बहुत निडर, साहसी थे। 23 साल की उम्र में 1942 में इनका निधन हो गया। इनके पुत्र लालमणि थे, जिनका निधन 2009 में हो गया। भोलानाथ के अल्पायु पुत्र लालमणि को उनकी माता ने पाला। माता की मृत्यु 1979 में हुई। लालमणि के चार पुत्र हैं। सभी जमशेदपुर में रहते हैं।

(26) हुबलाल तिवारी का परिवार

चानिका के चौथे पुत्र हुबलाल थे। इनकी ससुराल सड़सड़ा गाँव में थी। इनके दो पुत्र शीतला प्रसाद, रामप्यारे थे। दोनों भाइयों के पुत्र-पुत्रियाँ सभी जमशेदपुर में रहते हैं।

(27) धौताल तिवारी के पुत्र गुदरी उर्फ राम प्रसाद तिवारी का परिवार

गुदरी के द्वितीय पुत्र गुदरी उर्फ राम प्रसाद थे। गुदरी के चार पुत्र बच्चा, सच्चा, रामनिरंजन तथा सरजू थे।

(28) बच्चा तिवारी का परिवार

